संदेश

दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर, मैं, भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

मां दुर्गा शक्ति स्वरूपा हैं और इनकी पूजा नारी-शक्ति के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का अवसर भी है। सही अर्थों में उसी समाज को आधुनिक, विकसित और न्याय पूर्ण माना जा सकता है, जहां हर स्तर पर नारी सशक्तीकरण का वातावरण हो। देवी दुर्गा के नौ रूप, प्रकृति की असीम शक्ति का प्रतीक हैं।

मेरी कामना है कि दुर्गा पूजा के माध्यम से हमारे समाज में एकता और भाईचारे की भावना सुदृढ़ हो। हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें महिलाओं का और अधिक सम्मान हो और वे राष्ट्र निर्माण में समान रूप से योगदान करने में सक्षम हों।

जगत जननी मां दुर्गा से मेरी प्रार्थना है कि उनकी कृपा हम सभी पर बनी रहे और सभी देशवासी खुशहाली और समृद्धि का जीवन जीते रहें।

****